एक नजर में

## राष्ट्रव्यापी आंदोलन में शामिल हुए विश्वजीत चौहान



देवास। पिछले दिनों ए आई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पुलिस के द्वारा युवा कांग्रेस के 10 से अधिक कार्यकर्ताओं समेत युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब जी को भी गिरफ्तार किया गया जिन्हें आज तक रिहा नहीं किया गया इसी को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा दिल्ली में राष्ट्रीय मुख्यालय पर आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें देवास से प्रदेश युवा कांग्रेस संस्कृति प्रकोष्ट के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वजीत चौहान ने अपने साथियों के साथ भाग लिया इस अवसर पर संबोधित करते हुए विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता डरेगा नहीं ना ही झुकेगा हम जब तक आंदोलन करते रहेंगे तब तक हमारे अध्यक्ष और हमारे साथियों की रिहाई नहीं हो जाती है । इसी इसी के साथ श्री चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में आकर ट्रेड ड्रिल की है जिस से देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा आज हमारा मध्य प्रदेश सोयाबीन उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है अगर यह डील हो जाती है तो सोयाबीन के भाव में भारी कमी आ जायेगी यह सरासर किसानों और देश के लोगों के साथ अन्याय है। इसी के साथ श्री चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस ने जो आंदोलन किया वह कोई गलत नहीं किया। आंदोलन में अनेक प्रदेश के वरिष्ठ, युवा कांग्रेस नेता एवं महिला बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## होली एक उसमें समाये भाव अनेक : रेणुका देवी

**देवास।** जाता हुआ बसंत, आती हुई ग्रीष्म की आहटें और इनके बीच भीनी-भीनी सी महक लिए, रंगों से भीगती और भिगोती होली। फाल्गुन महीने का यह महोत्सव हर साल हमारे दिलों को जोड़ने आता है। तरह-तरह के रंग-गुलाल हमारे तन मन को, हम सब के संपूर्ण जीवन को अनगिनत भावनाओं से सराबोर कर देते हैं। फाल्गुन का महीना आते ही अंतर्मन में रंगों के बादल घिरने लगते हैं। खेतों व गांवों की माटी अबीर बन जाती है, हमारे सपने गुलाल बन जाते हैं। माथे पर सजे अनुराग चिन्ह को लेकर हम जिधर से निकल पड़ते हैं, फाल्गुन साकार हो उठता है। प्रकृति ने मनुष्य को कई सौगातें दी है। उन्हीं में से ऋतुएं और मौसम भी है। त्यौहार ऋतुओं से गुंथे हैं और ऋतुएं फसलों से। खेतों में सरसों के फूल है, हर ओर पीलेपन की बहार है और उस खिले हुए पलाश के लाल रंग की फुहार। होली महोत्सव से प्रेरित ये विचार बालाजी नगर स्थित मानव स्थान सेवा समिति आश्रम में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में सतपाल महाराज की शिष्या रेणुका बाई ने व्यक्त किये। भक्ति रस से ओतप्रोत होली के मधुर फाग गीत प्रस्तुत करते हुए साध्वी जी ने कहा ये रंग मन को तो रंगते ही है, हमारे जीवन में भी नई रागिनी बजा देते हैं। बसंत की हवा के झोंके, फाल्गुन के महीने में होली की मस्ती ओर रंगों का सुरूर जिंदगी के सारे अवसादों को मिटा देता है। ऐसा लगता है की प्रकृति भी हमारे साथ होली का आनंद ले रही है। फाल्गुन का महीना, उस पर होली का त्योहार इसे अन्य ऋतुओं और त्योहारों से भिन्न बनता है। इस महीने होली के उत्सव में ऋतुराज बसंत पूरे यौवन पर होता है, मन में अनायास खुशियों के फूल खिलते हैं. अपनी सारी उदासी को प्रकृति होली आने के पहले ही मिटा देती है। प्रकृति के उदासीन पूर्ण चार दिन वे है, जब वृक्ष की शाखाएं पत्रहीन हो जाती है। उपस्थित अध्यात्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए साध्वी जी ने कहा होली महोत्सव भक्त प्रहलाद और होलिका को लेकर आरंभ हुआ है। कहते हैं की होलीका ऐसा कवच समान वस्त्र ओढ़कर बैठी थी, जिससे वह जलती नहीं, बस उसकी गोद में बैठे प्रहलाद को जलना पड़ता, लेकिन पवन देवता ने वह वस्त्र उड़ाकर प्रहलाद के शरीर पर लपेट दिया। परिणाम हुआ की होलिका जल गई और प्रहलाद बच गए। भारतीय कथाएं, उपकथाएं, उत्सव कथाएं कहती है कि असत्य पर सत्य की तथा बुराइयों पर अच्छाइयों की जीत होती है। उसका साथ प्रकृति देती है. इस मौके पर समिति के जिला प्रधान अंगूर सिंह चौहान, सचिव गोपाल कढ़वाल, रामेश्वर कुमावत, बाबूलाल अहिरवार, मदन लोदवाल, सुरेश चावण्ड, बंडूराव, पुष्कर गुप्ता, जगदीश प्रजापत आदि उपस्थित थे।

## श्री श्याम कीर्तन एवं फाग महोत्सव

**देवास।** श्री हरि सोसायटी, देवास के तत्वावधान में गोमती नगर स्थित श्री हरि गार्डन में श्री श्याम कीर्तन एवं फाग महोत्सव उल्लास और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बाबा श्याम के जयकारों और मधुर भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कीर्तन में इंदौर के भजन गायक शुभम राणा ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पुष्प वर्षा, छप्पन भोग, इत्र वर्षा, अलौकिक श्रृंगार, भव्य श्याम दरबार एवं फूलों की होली जैसे विशेष आकर्षणों ने महोत्सव की शोभा में वृद्धि की. श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर देर रात तक झूमते रहे. कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था सोसायटी सदस्यों के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। आयोजन में हीना राठौर, सोनल शर्मा, शुभांगी राठौर, जया विजयवर्गीय, कविता राठौर, स्वाती नामदेव, शिवानी चतुर्वेदी, रीना गोयल, मुस्कान राठौर, आशा पटेल, तरुणा जाट एवं प्रतिभा प्रसाद का विशेष योगदान रहा.

## 'द वन एंड ओनली' कैंपेन लॉन्च

**देवास.** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने अपना नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लेकर आया है- सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी. आज के समय में, जब सफलता के कई रूप दिखाई देते हैं और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है, तब ब्रांड एक सरल सच सामने लाता है. इस नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों ङ्क अवंती नगरथ, किरनदीप चहल और माहका शर्मा- के जरिए दिखाया गया है। ये तीनों ब्रांड के अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं. देबाश्री दासगुप्ता, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड हमेशा स्टाइल और प्रतिष्ठा के साथ सफलता की ताकत पर विश्वास करता रहा है. 'द वन एंड ओनली' सफलता की एक नई सोच पेश करता है, जो अलग पहचान से प्रेरित है. यह उस सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को उजागर करता है कि आज भारत का महत्वाकांक्षी युवा केवल सफल होना ही नहीं चाहता, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अलग पहचान भी बनाना चाहता है. सफलता की इसी नई सोच के साथ ब्लेंडर्स प्राइड युवाओं की प्रबल आकांक्षाओं को दर्शाता है और एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक लीडर के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करता है.

# जिला जेल में कैदियों की रंगारंग प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध लोग





**देवास।** जिला जेल में जिला जेल अधिकारी-कर्मचारी केंटीन संस्था मर्यादित, देवास का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरूण कपूर, महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, म.प्र. भोपाल रहे। उनके साथ कपूर और मनोज साहू, जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल उज्जैन भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि का स्वागत जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद एवं उपअधीक्षक अनिल दुबे द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात महानिदेशक ने फीता काटकर बंदी केंटीन का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं पुरुष बंदियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी मुख्य अतिथि ने सराहना की। जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि केंटीन संस्था केवल सुविधा नहीं, बल्कि एक सकारात्मक सुधारात्मक पहल है। इसके माध्यम से बंदियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं— बिस्किट, नमकीन, सेव, टोस्ट, मिठाई, मौसमी फल, सलाद, कॉस्मेटिक सामग्री, पूजन सामग्री, सौंफ, सुपारी, लौंग, इलायची, आंवला आदि— उपलब्ध कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य बंदियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं नशामुक्ति को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि जेल की आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन हेतु विभिन्न प्राक्कलन जेल मुख्यालय भोपाल को स्वीकृति के लिए प्रेषित किए गए हैं। गौशाला में पशुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए नवीन शेड निर्माण तथा कर्मचारियों के जर्जर आवासों की मरम्मत एवं नए आवास निर्माण हेतु भी प्रस्ताव भेजे गए हैं।

मुख्य अतिथि वरूण कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि जेल केवल दंड देने का स्थान नहीं, बल्कि सुधारगृह है, जहां शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं एवं नैतिक-धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से बंदियों को समाज की मुख्यधारा में पुनर्स्थापित किया जाता है। उन्होंने प्रहरी संवर्ग को पुलिस विभाग के समान 13 माह वेतन स्वीकृति, कर्मचारियों के आवासों के लिए राशि आवंटन तथा जिला जेल देवास द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला जेल में निरुद्ध दंडित बंदियों को 15 दिवस के विशेष परिहार (रिमिशन) की घोषणा की।

कार्यक्रम के अंत में महानिदेशक महोदय ने समस्त जेल स्टाफ, पत्रकारगण एवं बंदी भाई-बहनों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा परेड की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन वैशाली भारद्वाज (फार्मासिस्ट) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एच.एन बाथम सहित जेल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## वरिष्ठ क्लब राधागंज ने नर्मदा परिक्रमा यात्रियों का किया सम्मान



**देवास।** वरिष्ठ क्लब राधागंज द्वारा महेंद्र स्थापक के नर्मदा परिक्रमा से लौटने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

क्लब के संरक्षक सूरज सिंह गौड काका, अध्यक्ष भगवान सिंह गौड़ भग्गू दादा, महासचिव ईश्वर सिंह चौहान, बहादुर सिंह, अंबाराम जाट, इंदर सिंह, राजेंद्र बैस, जीवनसिंह, श्रीकांत बक्षी, जीतू वर्मा और अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने महेंद्र स्थापक को नर्मदा परिक्रमा के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मां नर्मदा की कृपा सभी पर बनी रहे, ऐसी कामना की गई।

## माता टेकरी मंदिर में होली प्रतिबंध का बोर्ड

**▸ हिंदू संगठनों ने जताया विरोध**

**देवास।** देवास की माता टेकरी पर होली खेलने पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रशासन ने टेकरी परिसर में बोर्ड लगाकर चेतावनी दी थी कि होली खेलने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस प्रतिबंध के विरोध में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता टेकरी पहुंचे। उन्होंने प्रतिबंधित बोर्ड हटाते हुए कहा कि होली जैसा पवित्र त्योहार यदि मंदिर में नहीं मनाया जाएगा, तो फिर कहां मनाया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से प्रतिबंध लगाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की।

### रोक लगाने पर पुजारी ने भी जताया विरोध

माता टेकरी मंदिर के पंडित राजेंद्र पुजारी ने बताया कि प्रशासन ने बोर्ड लगाकर होली खेलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। उन्होंने तर्क दिया कि देवी-देवताओं से ही त्योहारों की परंपरा शुरू हुई है, ऐसे में मंदिर में होली खेलने पर रोक लगाना उचित नहीं है। विरोध प्रदर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में होली खेलकर अपनी आस्था व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन से प्रतिबंध लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई है।

## मराठा समाज ने चित्रकार मनोज पवार का भगवा दुपट्टा ओढ़ाकर किया अभिनंदन

**देवास।** रंगों के त्योहार होली के अवसर पर मराठा समाज के गौरव एवं श्री क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट के कार्यकारिणी सदस्य, प्रख्यात चित्रकार मनोज पवार का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

समन्वयक अध्यक्ष उमेश निंबालकर ने बताया कि शहीद भगतसिंह क्लब द्वारा शालिनी रोड (स्वर्णकार धर्मशाला के सामने) होली के उपलक्ष्य में विशेष रंगोली आयोजन किया गया। इस अवसर पर चित्रकार मनोज पवार ने अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन करते हुए भारतीय सौंदर्य दर्शाती युवती, हिरण के शावक को दुलारती विश्नोई समाज की महिला, प्रभु श्रीराम की आराधना में लीन हनुमान जी, क्रोधित मां काली, भगवान शंकर द्वारा माता पार्वती को महावर लगाते हुए दृश्य, अमराई का प्राकृतिक चित्रण तथा भारतीय सिनेमा के 'ही-मैन' धर्मेन्द्र को श्रद्धांजलि अर्पित करती आकर्षक कलात्मक रंगोली बनाकर समाज का नाम गौरवन्वित किया। मराठा समाज की ओर से कार्यकारिणी अध्यक्ष सुभाष शिंदे, उपाध्यक्ष श्यामराव बोराड़े, कोषाध्यक्ष विनोद वारे, समन्वय अध्यक्ष उमेश निंबालकर, अमन ताकोने सहित अन्य पदाधिकारियों ने मनोज पवार को भगवा दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया।

## अमलतास विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों ने मनाया होली महोत्सव

**▸ रंग-बिरंगे फूलों और गुलाल से होली खेली**



**देवास।** रंगों का त्योहार होली जब खुशियों की बयार बनकर हर मन को रंग देता है, तब दिव्यांग बच्चों की मुस्कान और उमंग इसे और खास बना देती है।

अमलतास विशेष विद्यालय में इस बार की होली कुछ अलग रही यह सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि उम्मीदों, प्रेरणाओं और समाज सुधार के संकल्पों का उत्सव बना। अमलतास विशेष विद्यालय के प्रांगण में जब रंग-बिरंगे फूलों और गुलाल से होली खेली गई, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति भावविभोर हो गया। इन बच्चों ने अपनी मासूमियत और उत्साह से यह साबित कर दिया, कि सच्ची खुशी किसी भी शारीरिक सीमाओं की मोहताज नहीं होती। उनका उल्लास देखकर कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति मंत्रमुग्ध हो गया।

इस आयोजन में अमलतास विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. शरदचन्द्र वानखेड़े, अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत, कुलसचिव संजय रामबोले, प्रबंधक डॉ. मनीष शर्मा, विभिन्न महा विद्यालयों के प्राचार्यगण एवं मनोरोग विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों ने भाग लिया। सभी ने दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। अमलतास वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह उत्सव सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि दिव्यांग बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह का भी प्रतीक है।

### रंगों का पर्व प्रेम समावेशता का संदेश

विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. भारती लाहोरिया ने कहा, कि रंगों का यह पर्व हमें प्रेम, समानता और समावेशिता का संदेश देता है। हमारे विशेष बच्चे अपनी अनोखी प्रतिभा से इस दुनिया को और खूबसूरत बनाते हैं, और हमें उन पर गर्व है। आइए, इस होली पर हम प्रेम, संवेदनशीलता और समझ के रंग भरें।

## 42 फिट ऊंचाई पर घट्टियाभाना और चौबाराजागीर में घूमे गल महाराज



**सोनकच्छ।** समीपस्थ ग्राम चौबारा जागीर व घट्टियाभाना में धुलेंडी के अवसर पर मेघनाथ मेला संपन्न हुआ। घट्टियाभाना व चौबारा जागीर मेले में शाम को गल घुमने वाले पड़ियार का गांव में ढ़ोल ढ़माकों के साथ जुलुस निकाला गया।

गांव के लोगों ने पड़ियार को तिलक लगाकर अपनी इच्छाशक्ति के अनुसार भेंट पूजा प्रदान दी गई। रस्मों के बाद समय आया उस महत्वपूर्ण पल का जिसे देखने के लिए हजारों लोग सैकड़ो वर्षो से ग्राम घट्टियाभाना व चौबारा जागीर में आते है, और वह पल था दोनो स्थानों पर करीबन 42 फीट ऊंचे खंबे (लाट) पर नाल समाज के पड़ियार को चढ़ाया गया। ऊंचाई पर चढ़ने के बाद पड़ियार को चारपाई पर लेटाकर उनके सहयोगियों द्वारा पीठ पर रीड़ की हड्डी वाले स्थान के ऊपर लोहे के 2 हुक चमड़ी में छेद कर डाले गए। इसके बाद फिर इन हुकों के छेद में रस्सी निकालकर रस्सी को खंबे के उपरी सिरे पर रखी हुई लकड़ी के एक सिरे से कसकर बांधने के बाद इस लकड़ी के दुसरे सिरे से एक रस्सी को नीचे की ओर लटकाया गया इसके बाद एक गोल चक्कर लगाया गया। इसी प्रकार ग्राम चौबारा जागीर में पड़ियार गल महाराज स्वरूप घूमे। इस दौरान देवस्थान और मेला परिसर में उपस्थित हजारों लोगो द्वारा मेघनाथ महाराज की जय.....मेघनाथ महाराज की जय का जयघोष लगाया गया। गल घुमने के बाद बाद नाल जाती के पड़ियार व उनके साथियों को ग्रामवासियों व समिति के द्वारा सांफा पहनाकर भेंट पूजा प्रदान कर सम्मान किया गया।

## महाकाल कालोनी विद्यालय में मनाई होली



**देवास।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय महाकाल कॉलोनी में होली उत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया ।प्रधानाध्यापक महेश सोनी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराने के लिए सभी त्यौहार मनाये जाते हैं। सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने सरस्वती एवं श्री कृष्ण पूजन किया । कार्यक्रम के अतिथि मुकुल रघुवंशी ने बताया कि अच्छाई की हमेशा जीत होती है और बुराई को हारना ही पड़ता है। बच्चों को हिरण्य कश्यप एवं भक्त प्रहलाद और होलिका का वृतांत विस्तार से बताया गया। सभी बच्चों ने एक दूसरे के साथ सूखे रंग की होली खेली। बच्चों को मिठाई एवं आइसक्रीम वितरित की गई। इस अवसर पर शकुंतला मालवीय , प्रियंका गौड़ ,सूर्यबाला बघेल एवं पालकगण उपस्थित थे ।

एक नजर में ▸ युवाओं की मस्त टोली द्वारा गांव का माहौल रंगीन कर दिया

## होली पर्व धूमधाम से मनाया, गम जदा परिवार में भी हुआ रंग गुलाल



**बागली।** ग्रह नक्षत्र ग्रहण और ज्योतिषियों की आ रही अलग-अलग बयान बाजी के के चलते 2 दिन पूर्व से ही होली पर्व किस दिन मनाया जाए इसका असमंजस बना हुआ था।

होली दहन 3 मार्च को तड़के 3 बजे से 5 के बीच सभी दूर उत्साह के साथ पूर्ण हुआ ग्रहण के चलते सुबह 6 बजे के पूर्व रंग गुलाल करने की चर्चा चलती रही लेकिन होली है। कि एक बार शुरू होने के बाद पूर्ण वैभव के साथ ही खत्म होती है। अंचल क्षेत्र में सभी दूर से गम जदा परिवारों में रंग गुलाल करने के बाद होली का परवान चढ़ने के समाचार मिले बेहरी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर वैदिक कन्डा होली दहन के बाद रंगों के पर्व की धूम मची जो दोपहर तक चलती रही इस दौरान गांव में गेर निकाली गई उक्त गैर में शामिल युवाओं द्वारा पहले गम जदा परिवारों में जाकर रंग गुलाल किया उसके बाद युवाओं की मस्त टोली द्वारा गांव का माहौल रंगीन कर दिया धूमधाम से होली पर्व मनाए जाने के समाचार पूरे क्षेत्र से प्राप्त हुए बेहरी क्षेत्र से जुड़े बुजुर्गों ने बताया कि इस बार चंद्र ग्रहण को लेकर पर्व कब और कैसे मनाया जाए इस बात की चर्चा चलती रही लेकिन एक बार पर्व मनाना शुरू हुआ तो वह पूरी तरह मनाया गया युवाओं के साथ बच्चों ने भी जमकर एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व मनाया ढोल के साथ निकली।

गैर में युवाओं ने नाच गाकर पर्व को खुशी के साथ साझा किया ।शाम को जिन परिवारों में गमी हो गई उन परिवारों में मंगल गीत गाकर पतासे एवं पताषे बांटने की रस्म पुरी की गई। कुछ युवाओं ने दूध के साथ ठंडाई भी बनाकर भोला बूटी का भोग लगाया।

### ▸ नमक और गेहूं फसल सेंकने का है रिवाज

होली दहन के पश्चात गांव के बुजुर्ग और वरिष्ठ किसान दहकती आग में गेहूं की बालीयां एवं नमक को सेंकते हैं ऐसा माना जाता है कि फसल का पहला हिस्सा होली माता को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है वही होली दहन केदौरान सीके हुए नमक को पशुओं को खिलाया जाता है जिससे बीमारियां नहीं आती ।ग्रामीण जन होली की राख को भी वर्ष भर संभल कर रखते हैं ।

## सुबह-सुबह शुभ मुहूर्त में होलिका दहन



**भौंरासा।** नगर मे आज हिंदू समाज द्वारा दीपावली के बाद बड़ा पर्व होली मना गया आज पूर्णिमा पर जगह-जगह होलिका सजाई गई, आज चंद्र ग्रहण होने के कारण मुहूर्त के मुताबिक होलिका दहन हूआ होलिका पुजन भी मुहूर्त में ही किया गया ओर दहन के बाद भी पूजन हूआ।

होली में उबिया भी आज सुबह सेकी गई नगर में आज रात्रि को जगह-जगह होली का पूजन महिला व छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा किया गया वही नगर में लोधी मोहल्ला, बस स्टैंड, छोटा हनुमान चौक, टंकी चौराहा, नरसिंह चौक, कुमावत मोहल्ला, माली मोहल्ला, मालवीय मोहल्ला, शहीत नगर में कई जगह चौराहों पर होली का पूजन के साथ ही सुबह नरसिंह मंदिर चौक पर, नगर पुरोहित संजय जोशी व नगर पुरोहित मनोज जोशी, नगर वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत, के द्वारा विधिवत पूजन किया गया इस अवसर पर जीवन सिंह ठाकुर, शेखर ठाकुर ,कैलाश सिंह ठाकुर , हेमेंद्र सिंह ठाकुर, रमेश ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश जायसवाल, शैलेंद्र ठाकुर, भादर सिंह ठाकुर, धीरेंद्र ठाकुर, जगदीश पांचाल, भुरू दरबार, मुकम सिंह ठाकुर आदि ने होलिका का पूजन कर दहन किया गया। थाना प्रभारी अनीता सिंह सहित समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा व नगर के समस्त समाज द्वारा ढोल के साथ गेर भी निकाली गइ।